# 13. काम बताने वाले शब्द

काम या क्रिया के अलग-अलग रूप होते हैं। काम केवल मनुष्य ही नहीं करते अपितु पशु-पक्षी, नदी, पहाड़, सूरज, पृथ्वी सभी किसी न किसी प्रकार से अपना कार्य करते रहते हैं। जिन शब्दों से काम के करने का पता चलता है, वे काम वाले या क्रिया शब्द कहलाते हैं।

## शिक्षण-संकेत

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से पूछें, वे अपने घर में या विद्यालय में क्या-क्या काम करते हैं। जैसे- बच्चे उत्तर दें, वे घर में सोते हैं, खाते हैं, विद्यालय में पढ़ते हैं आदि। तदुपरांत शिक्षिका समझाएँ, यही सब उनके कार्य हैं।
- ❖ पूछें, जब सुबह वे स्कूल आ रहे होते हैं, तब रास्ते में किस-किसको क्या काम करते देखते हैं। उदाहरण के लिए यदि बच्चे उत्तर दें, वह रास्ते में अखबार वाले को अखबार बाँटते देखते हैं या दूध वाले को दूध ले जाते देखते हैं, या सफ़ाई वाले को आदि। समझाएँ, ये भी काम हैं।
- ❖ अब कामों के बारे में समझाएँ। पाठ पृष्ठ 44 पर दिए वाक्यों को पहले स्वयं पढ़ें फिर बच्चों से पढ़वाएँ। हिरन घास खा रहा है।, पक्षी उड़ रहे हैं। रमन सो रहा है। आदि वाक्यों द्वारा अलग-अलग प्रकार के कामों के बारे में बताएँ।
- ❖ अब समझाएँ, इन सभी काम वाले शब्दों को ही क्रिया कहते हैं। क्रिया द्वारा किसी काम का करना या होना पता चलता है।
- ❖ पृष्ठ 45 पर दिए काम वाले शब्द जैसे- खेलना, खाना, पीना, चढ़ना आदि शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ सुनिश्चित करें कि बच्चे भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ अभ्यास करवाने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।